डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय ,भदोही
उत्तर प्रदेश

मिशन शक्ति 2025 (फेज-05) **दिनांक : 26/11/2025**

आख्या

विषय : मिशन शक्ति के पाँचवे चरण के अंतर्गत महाविद्यालय में छात्राओं के हेल्थ एवं हाइजीन संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन |

मिशन शक्ति के पाँचवे चरण के अंतर्गत आज दिनांक 26 नवंबर 2025 को महाविद्यालय में छात्राओं के हेल्थ एवं हाइजीन संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसे राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अमर कृष्ण यादव ने अपने प्रभावी एवं सारगर्भित वक्तव्य के माध्यम से छात्राओं को स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराते हुए जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विशेषज्ञों से अपने प्रश्नों द्वारा संवाद स्थापित किया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावशाली बना। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अंकिता तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी उपस्थित छात्राओं, प्राध्यापकों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

Maya
प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही

GPS Map Camera
Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh, India
9hhv+88h, Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh 221401, India
Lat 25.378402° Long 82.593362°
26/11/25 11:46 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh, India
9hhv+88h, Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh 221401, India
Lat 25.378402° Long 82.593362°
26/11/25 11:46 AM GMT +05:30
Google

एक नजर में

स्वास्थ्य और स्वच्छता कार्यशाला आयोजित

भदोही : मिशन शक्ति के अंतर्गत स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में किया गया। छात्राओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता डा. अमर कृष्ण यादव ने छात्राओं को स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, व्यक्तिगत सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराते हुए जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी जागरुकता कार्यक्रम

भदोही। मिशन शक्ति के पाँचवे चरण के अंतर्गत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसे राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. अमर कृष्ण यादव ने छात्राओं को स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराते हुए जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने प्रश्नों द्वारा संवाद स्थापित किया जिससे कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावशाली बना। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंकिता तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी उपस्थित छात्राओं, प्राध्यापकों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।